हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 18 मई 2025





### पाकिस्तान को तबाह करने की ताकत

सिंदूर में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर पैदल चलते हुए जय स्तंभ चौक पहुंचकर यहां लोगों को संबोधित किया। डॉ रमन सिंह ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा राजनांदगांव की आवाज है। सभी धर्म, सभी समाज, सभी संगठन और सभी राजनीतिक दल के लोग इस यात्रा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की धर्म पूछ कर हत्या की, हमारी बहनों का सिंदूर उजाड। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को बता दिया कि पाकिस्तान को तबाह करने की ताकत हमारे बहनों के सिंदूर में है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने दिखा दिया कि भारत की सेना के साथ कोई मुकाबला नहीं कर सकता है।

# ऑपरेशन सिंदुर के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज : राजनांदगांव**



ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाली भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए भारतीय सेना के सम्मान में शहर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित सैकड़ों विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट, पुलिस के जवान, व्यापारी संगठन, राजनीतिक पार्टी, समाज सेवा संगठन, स्वच्छता दीदी सहित बड़ी संख्या में देश प्रेमी जनता शामिल हुई। इस तिरंगा यात्रा की अगवानी में डॉक्टर रमन सिंह के साथ महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम विभाग अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, कोमल सिंह राजपूत सौरभ कोठारी शामिल हुए। नगर निगम परिसर से तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई जो शहर के विभिन्न मार्गो से बैंड बाजे के साथ होती हुई गुजरी। इस दौरान तिरंगा यात्रा से शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प 21 को

**राजनांदगांव**। जिला रोजगार स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 21 मई को सुबह 10.30 बजे प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सिम्पलेक्स कास्टिंग्स लिमिटेड टेड़ेसरा द्वारा ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के 7 पद केवल पुरूष, मित्रा ग्रुप ऑफ कम्पनी रायपुर द्वारा सुपरवाईजर के 20 पद केवल पुरूष व सर्वेयर के 100 पद केवल पुरूष, शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 60 पद केवल पुरूष एवं सेफ इंटेलीजेंट सिक्युरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्युरिटी गार्ड के 200 पद आदि की भर्ती की जाएगी।

## माय एंगल




# युवती का अपहरण कर जबरदस्ती शादी आरोपी ने फेसबुक पर भी डाला विडियो

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती का दिनदहाड़े अपहरण कर उसके साथ जबरदस्ती शादी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आज पूर्व विधायक छन्नी साहू के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। वहीं महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एक तरफा प्यार के इस मामले ने परेशान युवती ने न्याय नहीं मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

पीड़िता ने कहा कि दिनदहाड़े सुबह लगभग 11 बजे उसका अपहरण करके राजनांदगांव के समीप भर्रेगांव निवासी अनूप चंद्राकर उसे अपनी कार में बांधकर जंगल में ले गया था। पीड़िता ने कहा कि उसने मेरे साथ बदसलूकी की, जबरदस्ती करने की कोशिश कर गला दबाया। वहीं लगभग एक माह पूर्व किए गए शिकायत वापस लेने और बयान बदलने का दबाव बनाया। जब वह शादी करने तैयार नहीं हुई तो दोपहर दो-तीन बजे के करीब आरोपी ने उसे पर पेट्रोल डाल दिया और माचिस की तीली अपने हाथ में पकड़कर आग लगाकर जान से करने की बात कही। पीड़िता ने कहा कि इस दौरान अपनी जान बचाने के लिए आरोपी की बात मानने के सिवा उसके पास और कोई रास्ता नहीं था। पीड़िता ने कहा कि आरोपी ने जंगल में रात लगभग 11 बजे उसके साथ जबरदस्ती शादी का वीडियो बनवाया और पूर्व में किए गए शिकायत वापस लेने और अपनी मर्जी से शादी करने का बयान रिकॉर्ड करवाया। पीड़िता ने कहा कि आरोपी के दबाव में उसने वैसा ही किया जैसा वह चाह रहा था। इसके बाद पीड़िता ने उसे स्वयं को मामा के घर छोड़ने की बात कही और उसके खिलाफ की गई अपनी शिकायत वापस लेने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने रात लगभग 1 बजे उसे उसके मामा के घर ग्राम अंडा में छोड़ दिया। पीड़िता ने कहा कि कल वह मौत के मुंह से बचकर आई है और अब आरोपी को सलाखों के पीछे देखना चाहती है।



### दो आरोपी पकड़ाए

यह किडनैपिंग का मामला है, कल एक युवती किडनैप हुई थी जो देर रात बरामद हुई है। दो आरोपी पकड़ा गए है। एक आरोपी की तलाश जारी है।

- राहुल देव शर्मा, एएसपी

**अपहरण की देता था धमकी :** पीड़िता ने बताया कि आरोपी अनूप चंद्राकर लगातार उससे जबरदस्ती शादी करने का दावा बनता रहा। उसने आरोपी के खिलाफ एक माह पहले एफआईआर भी कराया था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की उसके बाद आरोपी लगातार उसे धमकी दे रहा था उसे जबरदस्ती उठाकर ले जाने की बात कहता था।

### पुलिस ने घंटों बैठाए रखा

पीड़िता ने कहा कि आरोपी के द्वारा उसका किडनैप करने के बाद उसके परिजन डोंगरगांव थाने में सुबह लगभग 12 बजे रिपोर्ट लिखाने पहुंच गए लेकिन उनके परिजनों को थाने में शाम 5 बजे तक बैठाया रखा गया और 5 बजे के बाद रिपोर्ट लिखी गई। वहीं पीड़िता ने कहा कि आज सुबह 7 बजे से 11 बजे तक वह थाने में बैठी रही लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी, इसके बाद वह पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने पहुंची है।

### पुलिस ने नहीं दिखाई गंभीरता



पीड़िता के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि इस मामले में डोंगरगांव थाने की पुलिस ने पहले ही कोई कार्रवाई नहीं की जबकि पुलिस को अपराधी को तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई करना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से युवती का अपहरण हुआ और अपनी सूझबूझ से वह जिंदा बच सकी।

# यूट्यूब से सीखा तरीका, रेलवे से ओएचई केबल की चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

यूट्यूब से केबल काटने का तरीका सीख कर रेलवे का ओएचई केबल चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आरोपियों से चोरी की सामग्री खरीदने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी बिलासपुर के रहने वाले है, जिन्होंने परमालकसा से मुढ़ीपार के मध्य यह चोरी की थी।

रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को परमालकसा-मुढ़ीपार के मध्य 35 मीटर ओएचई अर्थिंग केबल वायर को काटकर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी किए जाने के संबंध में सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर से सूचना प्राप्त हुई थी। इस संबंध में ओ एच ई विभाग के द्वारा एक लिखित मेंमो रिपोर्ट रेल सुरक्षा बल पोस्ट थाना राजनांदगांव में प्राप्त हुआ जिस पर अपराध क्रमांक 2/25 यु एस 3(ए) रेलवे संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम धारा 3ए का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोस्ट प्रभारी राजनांदगांव निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में अज्ञात आरोपीगणों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए टॉस्क टीम तैयार किया गया। घटनास्थल के आसपास निरीक्षण कर आसपास घूमने फिरने वाले व्यक्तियों से लगातार पूछताछ कर मुखबीर के बताएं हुलिए के आधार पर अलग-अलग स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर दो आरोपी की पहचान की गई जो अपने पास बैग रखे हुए थे। जिसमें वायर जैसा सामान दिखाई दे रहा था पहचान को पुख्ता करने व आने-जाने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी को चेक करने पर दोनों आरोपी का नाम राजकुमार उर्फ काका पिता पंचराम विश्वकर्मा उम्र 60 वर्ष साकिन हवास पर वार्ड नंबर 15 जिला बिलासपुर व मुकेश कुमार डहरिया उर्फ सनी पिता आसाराम डहरिया उम्र 27 वर्ष निवासी अमेरी सतनाम नगर थाना सकरी जिला बिलासपुर का होना पाया गया।



**ऐसे करते थे चोरी:** आरोपीगण चोरी के आदतन अपराधी है जो बिलासपुर से ट्रेन के माध्यम से दुर्ग तक आते थे उसके बाद लोकल ट्रेन से छोटे-छोटे स्टेशनों में उतरकर स्टेशन के आउटर क्षेत्र व सुनसान वाली जगह को चिन्हित कर चोरी की घटना को अंजाम देते है आरोपी मुकेश डहरिया ने बताया कि मोबाइल में यूट्यूब के माध्यम से रेलवे लाइन स्थित ओ एच ई अर्थिंग वायर काटने का तरीका सीखा है जिसके कारण वह अपने साथी के साथ रेलवे के केबल वायर को काट कर चोरी की घटना कारित करता था। रेलवे के सभी विभागों को मिलाकर कुल दोनों आरोपियों के द्वारा राजनांदगांव क्षेत्राधिकार का कुल 91 मीटर केबल वायर को काटा गया है!

### तीन दफा की थी चोरी

आरोपियों को रसमड़ा एसएसपी में घेराबन्दी कर पकड़ा गया, पूछताछ करने पर आरोपी मुकेश डहरिया ने बताया की रेलवे के ओ एच ई वायर को काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं वायर के अंदर जो कॉपर था उसे बर्तन दुकान में कॉपर खरीदने वाले के पास राजनांदगांव में बेचा है। इससे पहले भी 4 अप्रैल को परमालकसा मुढ़ीपार के बीच 20 मीटर सिग्नल वायर एवं 16 मई को रसमड़ा के पास 36 मीटर ओएचई केबल वायर को भी चोरी किए है। आरोपी के बयान के आधार पर राजनादगांव में गुड़ाखू लाइन स्थित श्रीबर्तन दुकान के संचालक विवेक वर्मा पिता ललित वर्मा उम्र 41 वर्ष को भी गिरफ्तार किया गया है।







## खबर संक्षेप

### शिक्षक नियुक्ति की मांग



**जेवरतला रोड।** पिनकापार के सभी शासकीय स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा है। वहीं पिनकापार प्रयास विद्यालय भवन की भी मांग उठ रही है। इंदु भुआर्य, जागृतसिंह देवांगन, शुभम देशमुख, तारण रजक सरपंच, राकेश सोनी, गोविंद कौशिक, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष बालोद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद को आवेदन सौंपा है।

### ग्रामीण हुआ लूट का शिकार

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़- बोरतलाव मार्ग पर चेंदरी माता हनुमान मंदिर के पास एक ग्रामीण दिनदहाड़े लूट का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार 15 मई को बुढांनछापर का ग्रामीण डोंगरगढ़ से अपने घर जा रहा था। लगभग 10 बजे दो अज्ञात मोटरसाइकिल से आए और जबरदस्ती छीना झपटी करते हुए नगदी 20 हजार और मोबाईल को लूट कर महाराष्ट्र की तरफ भाग गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना बोरतलाव में की है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी आशाराम सिन्हा पिता स्व बाबूलाल सिन्हा निवासी बुढानछापर ने रास्ता रोककर उसके जेब में रखे नगदी 20 हजार, मोबाईल रेडमी 08 बलपूर्वक छपटमारी कर ले जाने की शिकायत की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 126 (2), 304 (1), 3(5) के तहत जुर्म कायम कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

## सेजेस हिन्दी माध्यम भी गांव के स्कूलों से पिछड़ा

# 67 साल पुराने स्कूल के 67 फीसदी बच्चे अनुत्तीर्ण

## खराब परिणाम से पालकों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

बेहतर पढ़ाई सहित खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक समय जिले सहित मप्र में अलग पहचान रखने वाले 67 साल पुराने स्थानीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला का परिणाम इस साल बेहद ही खराब रहा है। कक्षा दसवीं में 33.33 फीसदी परिणाम आने के साथ 67 प्रतिशत बच्चे अनुत्तीर्ण हो गए। इस परिणाम के साथ स्कूल सबसे अंतिम और कक्षा 12 वीं में 70.27 प्रतिशत के साथ 21 वे पायदान पर रहा। इस परिणाम ने अनुभाग मुख्यालय के एजुकेशन सिस्टम की पोल खोल दिया है।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के 33 सरकारी स्कूलों के 1704 में से 1690 विद्यार्थी दसवीं की परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा में 1221 उत्तीर्ण हुए। 137 को पूरक की पात्रता मिली और 332 अनुत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार बारहवीं में 22 स्कूलों के 1286 में से 1280 परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा में 1098 उत्तीर्ण, 62 अनुत्तीर्ण हुए। पूरक की पात्रता 120 को मिली। बेहतर परिणाम के लिहाज से देखा जाए तो केवल दो स्कूल धौराभांठा, रुदगांव के शत प्रतिशत परीक्षार्थी दसवीं में कामयाब हुए। इसी तरह 12 वीं में मात्र एक उच्चतर माध्यमिक शाल सोनेसरार के सभी परीक्षार्थी सफल हो सके।




### बचने के लिए आंकड़ों का खेल

पता चला है कि आने वाले दिनों में परीक्षा परिणाम को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक होने वाली है। स्कूल वार समीक्षा के बाद उन स्कूलों के प्रमुख कार्रवाई के दायर में आ सकते है जिनके परिणाम खराब रहा है। कार्रवाई से बचने के लिए प्रमुखों द्वारा परिणाम की सच्चाई को छुपाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी की जा रही है। पता चला है कि हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से संचालित स्कूल के प्रमुख प्रशासन को हिंदी- अंग्रेजी माध्यम का परिणाम अलग अलग भेजने के बजाए दोनों में घालमेल करने की कोशिश में जुट गए हैं।

### आधे से ज्यादा बच्चे फेल

ब्लाक में छह स्कूल जारवाही, सोनेसरार, तुमड़ीबोड़, अर्जुनी, आसरा, बालक शाला डोंगरगांव के आधे से ज्यादा परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इन स्कूलों का परिणाम 50 से 33.33 फीसदी तक रहा। जानकारी के अनुसार खराब परीक्षा परिणाम को लेकर जिला प्रशासन बेहद संजीदा है और लापरवाह शिक्षकों को बख्शने के मूड में नहीं है।कहा जा रहा है कि समीक्षा के बाद अंचल के कई स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक तबादला सहित अन्य कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

### गांव के स्कूल आगे, सेजेस पीछे

पढ़ाई को लेकर बहुप्रचारित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल (सेजेस) भी गांव के स्कूलों से पिछडे रहा। बारहवीं की परीक्षा में स्थानीय हिन्दी माध्यम सेजेस का परिणाम 88 फीसदी जरूर रहा किन्तु वह ब्लाक में बारहवे स्थान पर रहा। दसवीं में 58.25 फीसदी परिणाम के साथ 22 वें पायदान पर रहा। वहीं बालक उच्चतर माध्यमिक शाला का परिणाम बेहद ही शर्मनाक रहा। दसवीं की परीक्षा में 43 में से 36 शामिल हुए। यहां के मात्र 12 उत्तीर्ण, 21 अनुत्तीर्ण हुए। तीन को पूरक की पात्रता मिली। परिणाम 33.33 प्रतिशत रहा। ब्लाक के 33 स्कूलों में बालक शाला अंतिम स्थान पर रही। कक्षा बारहवीं में सबसे नीचे उच्चतर माध्यमिक शाला विचारपुर नवागांव रही। यहां के 28 परीक्षार्थी में से 17 उत्तीर्ण, 2 अनुत्तीर्ण हुए। नौ को पूरक की पात्रता मिली। परिणाम 60.71 प्रतिशत रहा।

# सड़कों पर मवेशी, बढ़ रही दुर्घटनाएं

## पशुओं की सुरक्षा के लिए पशुपालक गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया



गंड़ई- छुईखदान सड़क पर जगह जगह मवेशियों का जमावड़ा देखा जाना आम बात हो गई है। मवेशियों के सड़क पर बैठे रहने से दुर्घटना और मौत की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। छोटे बड़े वाहन सड़कों पर खड़े- बैठे मवेशी को अपनी चपेट में ले लेती है और गंभीर चोट लगने से मवेशी दम तोड़ देते है। शुक्रवार रात को सड़क अतरिया मार्ग पर अज्ञात वाहन ने दो मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर दोनों मवेशी ने दम तोड़ दिया। दो दिन पहले खैरा नर्मदा में वाहन की ठोकर से एक मवेशी की जान चली गई थी। इसी तरह बीते सप्ताह चकनार में भी अज्ञात वाहन की ठोकर से एक मवेशी की मौत हो गई थी। कुकुरमुडा चौक में वाहन की ठोकर से मवेशी बुरी तरह घायल हो गया था। मवेशी के मौत को लेकर जितनी वाहन चालकों को लापरवाही सामने आ रही है उतने ही जिम्मेदार मवेशी पालक भी है। ज्ञात हो कि रबी फसल कटाई के बाद सभी गांव के चारवाहा मवेशीयों को चराना छोड़ देते है। अब वह खरीफ सीजन की फसल बोआई पर चराना शुरू करेंगे। इन तीन चार माह तक मवेशी इधर उधर भटकते रहते हैं। कुछ मवेशी पालक गैर जिम्मेदार होकर मवेशी को घर ले जाने एवं चारा पानी व्यवस्था पर ध्यान नहीं रखते और खुला छोड देते हैं। जिससे सड़कों पर मवेशीयों का जमावड़ा देखा जाता है। सड़क अतरिया, नर्मदा चौक, लोधेश्वर मंदिर, चकनार, कुकुरमुत्ता चौक, घिरघोली आदि जगह सड़कों पर मवेशी मंडराते रहते हैं।

### बढ़ रहे वाहन हादसे

चौक चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा होने से दो पहिया चालक अक्सर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कभी कभी हादसा से वाहन सवार गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। घटना ज्यादातर रात को होती है। वाहन चालक को सड़क पर मवेशी के बैठे होने का अंदाजा नहीं लगता और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। मवेशियों के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासनिक पहल जरूरी हो गया है। मवेशी पालकों की पहचान कर उन्हें मवेशी की देखरेख करने की हिदायत देना चाहिए।

### कांजी हाऊस हो रहे लुप्त

सभी गांव में इधर उधर घुम रहे मवेशियों को रखने कांजी हाउस की व्यवस्था है पर कांजी में चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने तथा देखरेख की कमी के कारण मवेशी को रखा नहीं जा रहा है। जिससे सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। पशु पालकों का पशु से मोह कम होने के कारण भी वह पशु को घर ले जाने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं जिससे सड़कों पर दुर्घटना बढ़ गई है।

### सबको पक्का घर देने सरकार संकल्पितः यदु



**डोंगरगांव।** जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबको पक्के घर देने के संकल्प पर लगातार काम कर लोगों के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गरीब के साथ अन्याय करते हुए आवास निर्माण को रोक दिया था। उन्होंने बताया कि सत्ता परिवर्तन के बाद 18 लाख आवास को मंजूरी दी गई वहीं अब तक 28 लाख आवासों का सर्वे किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को आवास का लाभ दिलाने के लिए मासिक आय की सीमा 10 से बढ़ाकर 15 हजार कर दिया गया है।अब दोपहिया वाहन या कुछ जमीन धारक भी योजना के लिए पात्र होंगे।

# शिविर में सुलझी ग्रामीणों की समस्याएं

**पटेवा।** ग्राम पंचायत सलोनी के रानी रश्मिदेवी खेल मैदान में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। अध्यक्षता जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह, घम्मन साहू, राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, अरुणा बनाफर, 18 ग्राम पंचायत के सरपंच आदि थे। शिविर में विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकृत होने की जानकारी साझा की। प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने विभाग के स्टॉल में जाकर जानकारी ली। उन्होनें 99 फीसदी आवेदनों के निराकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। सरपंच सौरभ साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए खैरागढ़ -दुर्ग मुख्य मार्ग से केकराजबोड़ पहुंच मार्ग, सलोनी में व्यवसायिक परिसर, केकराजबोड़ में सीसी रोड़, एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक एवं 2 शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। इसी प्रकार अन्य सरपंचों ने भी मांग पत्र सौंपा। मंत्री देवांगन ने केकराजबोड़ पहुंच मार्ग निर्माण हेतु विभाग के मंत्री से चर्चा कर स्वीकृति दिलाने का भरोसा दिलाया। सलोनी के मुक्तिधाम में शेड़ निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।




### सामग्री का वितरण

प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने 18 पंचायत के सरपंचों को मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत राशि प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसी क्रम में 3गर्भवती माताओं को सुपोषण कीट दिया गया। 3बच्चों का अन्नप्रासन कराया। शिक्षा विभाग ने गणित, विज्ञान कीट, संपर्क कीट एवं आडियो- विड़ियो प्रदान किया। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे विक्रांत सिंह, सुश्री शताक्षी सिंह, घम्मन साहू ने संबोधित किया। संचालन बैदनाथ वर्मा ने किया।

# रोक के बाद भी लाल ईंटों से पीएम आवास का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

प्रतिबंध के बाद भी ग्राम बेलगांव, कन्हारगांव, देवकट्टा, शिवपुरी, ढारा, मोहारा, मुरमुंदा, मेढा, मडियान, डिंगोकाल, ठाकुरटोला, बोरतलाव, पीपरखार, गाजमर्रा, कल्याणपुर, लेडीजोब, पीपरखार, कलकसा, संडीडीह, कन्हारगांव, मक्काटोला भोथली, कुरुभांठ, धुसेरा, नागतराई, जामरी, डुंडेरा सहित अन्य गाँवों में लाल ईंटों का निर्माण और विक्रय किया जा रहा है। इन ईंटों का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान में किया जा रहा है। लाल ईंट के निर्माण से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को देखते हुए ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ नगर पंचायत लाल बहादुर नगर से शिकायत किया है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में लाल ईंटों का उपयोग करने वाले हितग्राहियो की राशि का भुगतान रोकने की माँग की है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि शासकीय निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों में काले ईंट का उपयोग करना है। सुडा तथा पर्यावरण मंडल के निर्देशों को धत्ता बताते हुए नगर पालिका एवं जनपद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण हो रहा है। अधिकारियों की अनदेखी से अवैध लाल ईट निर्माण को प्रोत्साहन मिल रहा है। भवनों में लाल ईंट का उपयोग करने के बाद भी भुगतान किया जा रहा है।




### भुगतान पर रोक की मांग

ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य निर्माण में लाल ईंट का उपयोग करने पर भुगतान करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ऐसा होने से लाल ईंट के निर्माण में अंकुश लगेगा।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ से राजनांदगांव मार्ग के किनारे पर कई जगहों तथा अधिकाश ग्राम पंचायतों में लाल ईंट का कारोबार फलफूल रहा है। ईंट को पकाने के लिए बेरहमी से वृक्षों की कटाई करने के अलावा जमीन की खुदाई किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े अधिकारियों के देखरेख में लाल ईंटों का उपयोग भवन के निर्माण में हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि निर्माण में काले ईंट का उपयोग किया जाए तो लागत कम आएगी।

## आयोजन में बढ़ चढ़कर शामिल हुए नागरिक, देशभक्ति का दिखा जज्बा, पाकिस्तान के खिलाफ जताया रोश

# शहर और गांवों में निकाली तिरंगा यात्रा, सेना के शौर्य को किया सलाम









हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

शनिवार को नगर पंचायत छुईखदान ने ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं भारतीय सेना की शौर्य को सलामी देने विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा को संबोधित करते कहा पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश के अंदर आतंकियों को सबक सिखाया है जिससे हम सब गौरवान्वित है। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत परिसर से होते हुए बस स्टैंड, बाजार लाइन, बैंक आफ बड़ौदा तक पहुंचकर मुख्य बाजार होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में सांसद प्रतिनिधि प्रेमनारायण चंद्राकर, हेमंत शर्मा, राजलक्ष्मी पंसारी, सरपंच प्रकाश जंघेल, ललित चोपड़ा, कृष्णकांत महोबिया, पार्षद पन्ना मंडावी, मनीष कोचर, शैलेन्द्र तिवारी, मंगल नेताम, महावीर सांखला, मानसिंह, बबला मिस्त्री, प्रदीप, दिलीप, एसडीएम अविनाश ठाकुर, सीएमओ कमल नारायण जंघेल, श्री टंडन, प्रशांत वर्मा, मोहन सार्वा, भूपेंद्र चौबे, पंकज चंद्राकर, भागी कुंभकार, मुकेश वैष्णव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, पंचायत सचिव ललित सिंह आदि शामिल हुए।



### गांव का किया भ्रमण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने तिरंगा यर्त्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। आपरेशन सिंदूर के लोगो के साथ सेक्टर प्रभारी गायत्री डेकाटे, सहायक सविता श्रीवास्तव की अगुवाई में सरपंच नंदकुमार साहू, सचिव पूर्णिमा मांडवी, रोजगार सचिव पूनम, रोजगार सहायक जागृति राजपूत, आवास मित्र ओमेश्वरी साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीता भादुड़ी, भानुमति साहू, शांति बंजारे, सुनीता बंसोड, मितानिन कमलेश्वरी साहू, सुखसागर, भागचंद वर्मा, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, नीता साहू आदि की सहभागिता से तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा पंचायत परिसर में राष्ट्रगान के साथ शुरु हुई। विभिन्न चौक चौराहों एवं बाजार स्थल से गुजरते हुए पुनः पंचायत प्रांगण पहुंची। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में जन समुदाय शामिल हुए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मुसरा कला में सरपंच गायत्री शिवकुमार टेम्भुरकर, सचिव मोहित साहू, जनपद सदस्य सीमा साहू एवं तहसीलदार सतपाल यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने भारत माता का जयकारा लगाते हुए ग्राम का भ्रमण किया। यात्रा की शुरुवात पंचायत प्रांगण में भारत माता की पूजा अर्चना से हुई। इस दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू, राजेश कोचे, मनोज कोचे, दानीराम साहू, कँवल निर्मलकर, शिवकुमार टेंभुरकर, शिक्षक दीनदयाल साहू, हीरासिंग सलामे, ओम साहू, ज्योति यादव, निशा बंजारे, झरना शर्मा, पूर्णिमा साहू, रामबाई निषाद, मंजू साहू, कौशिल्या साहू, संगीता साहू आदि शामिल हुए।

### सेना की सराहना

**अर्जुनी।** सेना के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए ग्राम पंचायत रामपुर में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह आयोजन ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र अभियान के तहत किया गया। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान प्रकट करने आयोजित तिरंगा यात्रा में पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, दीपक चौहान, घनश्याम यादव, राकेश मारिया, संजू देवदास, केजादास साहू, सरपंच यतीश सिन्हा, उपसरपंच भारतलाल साहू आदि शामिल हुए।

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शनिवार को भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला गया। शनिवार को सड़क अतरिया, जीराटोला, पैलीमेटा, संड़ी, चकनार, मानपुर, घिरघोली सहित अन्य गांव में तिरंगा यात्रा निकाला गया। यात्रा पंचायत भवन से शुरू होकर गांव की प्रमुख गलियों से गुजरी। यात्रा में पंचायत प्रतिनिधि, युवक, युवतियां, महिलाएं आदि देश भक्ति एवं सेना के प्रति सम्मान जताते हुए शामिल हुए।

**घुमका।** नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अगुवाई सीएमओ श्री देवदास ने किया। श्री देवदास ने बताया कि सेना का हौसला आफजाई करने और आपरेशन सिंदूर के समर्थन मे तिरंगा यात्रा निकाली गई है। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर अटल बाजार चौक, महाराणा प्रताप चौक, बस स्टेण्ड, गांधी चौक होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने तिरंगा लहराते हुए जयकारा लगाया। यात्रा में दिलीप पटेल, फूलमति वर्मा, राजेश वर्मा, देवसिंह साहू, केशव साहू, गुमान साहू, केदार साहू, गोवर्धन निर्मलकर, गिरवर सिवारे, संतोष गुप्ता, नूनकरण वर्मा आदि शामिल हुए।



**गंडई पंडरिया।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और जवानों के अदम्य साहस को सम्मान देने के लिए तिरंगा रैली का आयोजन नगर पंचायत गंडई के तत्वावधान में शनिवार को किया गया। इस दौरान देशभक्ति का अद्भुत नज़ारा देखने मिला। नगर पंचायत के सीएमओ अविनाश देवांगन के आमंत्रण पर नागरिक, राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में तिरंगा चौक पर एकत्रित हुए। हाथों में तिरंगा लिए, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा तिरंगा चौक से शुरू होकर गंगई मंदिर, बस स्टैंड होते हुए वापस तिरंगा चौक पहुंची।

यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर आयु वर्ग के लोग देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। इस मौके पर राकेश ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, राकेश ठाकुर, जीवन रात्रे, राकेश जायसवाल, दूजे वर्मा, विक्की अग्रवाल, टुम्मन साहू, दिनेश भट्ट, धर्मेंद्र पटेल, उमा चौबे, अंजली देवांगन, अशोक पटेल, मनीष सोनी, राकेश निषाद, नारायण चतुर्वेदी, अभियंता लोकेश शर्मा, शिव ठाकुर, कमल किशोर नेताम, युगल ताम्रकार, हुलास साहू, इमरान खान, संजू देवांगन, गायत्री देवांगन, सलविंदर कौर, राखी खान सहित मणिकंचन केंद्र की दीदियाँ आदि शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने तालाब पाटने का लगाया था आरोप

# सिंगारपुर में दबी जमीन को तालाब बताने से उपजा विवाद

## जमीन मालिक ने रखा अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के सिंगारपुर मे खसरा नंबर 135/136 की जमीन को लेकर ग्रामीण दो धड़ों मे बंट गए है एक पक्ष उसे सालों पुराना निस्तारी तालाब बताकर पाटने का प्रयास करने वाले जमीन मालिक के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है वही दूसरा पक्ष उस जगह को बरसाती मौसम मे पानी के भराव वाली दलदली जगह बताकर जमीन मालिक के समतलीकरण के प्रयास को वाजिब बता रहे है। जानकारी अनुसार निस्तारी तालाब पाटने की शिकायत को लेकर सिंगारपुर व गोपालपुर के किसान तहसील कार्यालय पहुंचे।

सरपंच उर्मिला वर्मा, पूर्व सरपंच कमलेश्वर सिंह, प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा, हेमंत सिंह सहित अन्य ने बताया कि सिंगारपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 136 तालाब और 135 तालाब का पार है। निस्तार का स्थान है और मवेशी भी पेयजल के लिए तालाब पर ही आश्रित हैं लेकिन बीते तालाब मालिक किशोर बैद पिता भंवरलाल लगातार तालाब को पटवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि गाँव के कुछ लोगों को बहला फुसलाकर और पैसों का लालच देकर तहसील कोर्ट में सहमति प्रस्तुत कराया गया है जो पूरी तरह से भ्रामक है। तालाब मुख्य मार्ग के पास है और बिना पंचायत की किसी अनापत्ति के व्यवसायिक उपयोग की मंशा के साथ तालाब को पाटने का काम किया जा रहा है जबकि तालाब में आम जन अभी निस्तारी का कार्य करते हैं। उन्होने लोकहित व ग्राम शांति कायम रखने के लिए 10 मई को तहसीलदार द्वारा जारी स्थगन आदेश को यथावत रखने की मांग की है।



### पचास साल पुराने राजस्व रिकार्ड मे बाड़ी बगीचा है दर्ज

वही जमीन मालिक किशोर बैद के आम मुख्तयार कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि उक्त खसरा नंबर राजस्व अभिलेख मे कृषि भूमि के रूप मे दर्ज है। पचास साल पुराने मिसल रिकार्ड मे स्पष्ट रूप से खसरा नंबर 134 बगीचा बाड़ी और 135 पानी के नीचे दर्ज है। बी वन और नक्शे मे भी स्पष्ट रूप से दोनो खसरा नंबर कृषि भूमि के रूप मे दर्ज है। उनके द्वारा सारे वैधानिक दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद ही जमीन खरीदा गया है और वर्तमान मे आम सतह से नीचे जमीन होने के कारण डबरे के रूप का हो गया था उसे पाटने का काम किया जा रहा लेकिन खसरा नंबर 136 स्थिति उनके मालिकाना हक वाली लगभग 60 डिसमिल जमीन पर उसी गॉव के रसूखदार व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है जिसके हट जाने के डर से उसके द्वारा गॉव के भोले भाले ग्रामीणो का बहका कर इधर उधर आवेदन दिया जा रहा है। कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा 13 मई को तहसील कार्यालय मे आवेदन देकर निजी जमीन पर काम करने से रोकने, परेशान करने कृषि कार्य के लिए राजस्व रिकार्ड मे रिकार्डेड जमीन को निस्तारी तालाब बताकर शासन प्रशासन और कोर्ट का ध्यान भ्रमित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होने कहा कि कोर्ट को वास्तविक स्थिति से अनभिज्ञ रखते हुए स्टे आर्डर भी सामने वाले ने जारी करा लिया है। उसे निरस्त करने का आवेदन भी उनके द्वारा कोर्ट मे लगाया गया है।

### शासन प्रशासन का कर रहे समय खराब

तालाब साबित करने वालो के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि गॉव के रसूखदार व्यक्ति कमलेश्वर सिंह द्वारा उनके द्वारा राजनांदगॉव कवर्धा मेन रोड मे खरीदी हुई बेशकीमती जमीन के लगभग 60 डिसमिल एरिया पर अवैध कब्जा किया गया है। उसे नही हटाने की नीयत से गॉव के कुछ लोगो को उनके द्वारा भडक़ाकर जमीन मालिक को प्रताड़ित किया जा रहा है। बिना तथ्य आधार के झूठी शिकायत कर शासन प्रशासन का समय खराब किया जा रहा है। उन्होने कहा कि राजस्व रिकार्ड मे उक्त भूमि कृषि कार्य के लिए दर्ज है और उसी काम के लिए जमीन का समतलीकरण कराया जा रहा है। किसी प्रकार का व्यावसायिक उपयोग या निर्माण उनके द्वारा नहीं किया जाना है लेकिन स्थानीय व्यक्ति होने के कारण कमलेश्वर सिंह द्वारा उनकी जमीन हड़पने की नीयत से अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है। उन्होने बताया कि सिंगारपुर मे तीन बड़े बड़े तालाब है जहां सालभर पानी भरा रहता है और उनही तालाबो से पूरा गॉव निस्तारी करता है। मवेशी पानी पीते है।

# सिद्धबाबा जलाशय से क्षेत्र के किसान होंगे समृद्ध

## मुख्यमंत्री ने किया सिद्धबाबा जलाशय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गभरा आगमन हुआ। उन्होंने 220 करोड़ की लागत से बन रहे सिद्धबाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया।

निर्माणाधीन जलाशय से 34 गांवों के लगभग साढ़े चार हजार किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जलाशय से 1840 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ और 1380 हेक्टेयर में रबी फसलों की सिंचाई होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जलाशय का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जलाशय न केवल किसानों की आय बढ़ाने का माध्यम बनेगा, बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का सशक्त आधार होगा।

उक्त अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता वीके मरकाम, एसडीओ द्विवेदी, श्री नायक, उपयंत्री केतन साहू, नीरज वारे सूर्या, खम्मन ताम्रकार, प्रेम नारायण चंद्राकर, अनिल अग्रवाल, प्रकाश जंघेल, दुजेराम साहू, राजू जांघेल सहित अन्य उपस्थित थे।



### 34 गांव को होगा लाभ

निर्माणाधीन जलाशय के माध्यम से तीन जिलों के 34 गांव गभरा, कोटरीछापर, ढोड़िया, विचारपुर, बुंदेली, मुरई, खैरी, सीताडबरी, कोटरा, साल्हेकला, बेमेतरा जिले के पठारझोरी, चिचानमेटा, जानो, रानो, गाड़ाडीह, सोनडबरी गांव और दुर्ग जिले के अगारकला, अगारखुर्द, साल्हेखुर्द, नवागांव में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। इसके अलावा डुबान क्षेत्र के किसान भी 120 हेक्टेयर भूमि पर रबी और सब्जियों की खेती कर सकेंगे। जलाशय से प्रतिवर्ष 498 क्विंटल मत्स्य उत्पादन की संभावना है, जिससे 200 ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि होगी, जिससे निस्तारी और पेयजल संकट कम होगा। कुल 23 निर्मित लघु जलाशयों को जल आपूर्ति भी इसी परियोजना से होगी।

## भानपुरी में विहिप बजरंग दल समिति का गठन

राजनांदगांव। विहिप बजरंग दल ने कुछ दिनों पूर्व ही जिले की नवीन कार्यकारिणी घोषित की है और ग्राम भानपुरी में समिति का गठन किया है। विहिप जिला मंत्री अनूप श्रीवास की सहमति से जिला संयोजक राहुल मिश्रा एवं जिला सह-संयोजक अंशुल कसार की उपस्थिति में ग्राम भानपुरी विश्व हिंदू परिषद के खंड अध्यक्ष टकेश्वर साहू को, खंड मंत्री नेमीचंद साहू, सहमंत्री धर्मेंद्र साहू, सत्संग प्रमुख गुलशन साहू, सह प्रमुख देवा शुक्ला को बनाया गया। बजरंग दल में संयोजक सोहन साहू, सह-संयोजक कोमल साहू एवं सुनील साहू, गौरक्षा प्रमुख गजेंद्र साहू जिनके सह गौरक्षा चंद्रकुमार साहू, खंड बालोपासना प्रमुख धनेंद्र साहू, सह-प्रमुख प्रीत कुमार, साप्ताहिक मिलन प्रमुख सत्यनारायण शुक्ला, सह प्रमुख हर्ष कुमार साहू, सुरक्षा प्रमुख दिलीप साहू, सह प्रमुख नरेश साहू नियुक्त किए गए।

## खबर संक्षेप



### हथेल बने सांसद प्रतिनिधि

डोंगरगढ़। सांसद संतोष पांडे ने भाजपा नेता तरुण हत्थेल को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ता काफी प्रसन्न है। उम्मीद की जा रही है कि नई जिम्मेदारी मिलने से श्री हथेल को लोगों की समस्याओं का समाधान करने का नया अवसर मिलेगा।

### अंशुमन नीरज माइल स्टोन मे फस्ट

खैरागढ़। सीबीएसई पैटर्न मे जारी कक्षा दसवीं के परीक्षाफल मे नीरज माईलस्टोन के स्टूडेंट अंशुमन साहू ने 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला मे प्रथम और जिले की मेरिट सूची मे चौथा स्थान प्राप्त किया है। पिता लोचनलाल साहू, माता सुरेखा साहू सहित शाला प्राचार्य प्रफुल्ल चरण नायक, स्टाफ व परिजनों को सफलता को श्रेय देते हुए अंशुमन साहू ने कहा कि शालेय समय के अलावा वो रोजाना चार से पांच घंटे पढ़ाई करते थे। कड़ी मेहनत के अलावा परीक्षा कक्ष मे उनका धैर्य बेहतर रिजल्ट बनाने मे काम आया। अंशुमन को शाला स्टाफ, मित्रो सहित परिजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### निधन

### चन्द्रिका लाल वैदे



राजनांदगांव। शिक्षक नगर स्टेशन पारा निवासी, बौद्ध समाज के प्रतिष्ठित कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल के कोषाध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक 67 वर्षीय चन्द्रिका लाल वैदे का 17 मई को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा 18 मई को सुबह 9 बजे उनके निज निवास से मुक्तिधाम मठपारा के लिए निकाली जाएगी।

# प्री-बीएड और प्री-डीएलएड परीक्षा 22 मई को, विशेष प्रशिक्षण मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

आगामी 22 मई को जिले मे प्री बीएड और प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट मे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने परीक्षा के निर्विघ्न व सुचारू संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता से करें ताकि परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हों। अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि गुरुवार 22 मई को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 से 12.15 बजे 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी, जिसमें 2290 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। वहीं प्री डीएलएड परीक्षा दोपहर 2 से 4.15 बजे तक 21 परीक्षा केन्द्रों में होगी, जिसमें 4465 परीक्षार्थी भाग लेंगे।



### सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी रेणुका रात्रे ने बताया कि व्यापम के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण सभी आब्जर्वर, उड़नदस्ता दल व केन्द्र अध्यक्षों को दिया गया है ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व शांतिपूर्ण हो। जिला समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने प्रशिक्षण दिया गया। डीईओ लालजी द्विवेदी ने केन्द्राध्यक्षों को सभी परीक्षा केंद्रों में बिजली, पेयजल और बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने और परीक्षा मे शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों से कहा कि वे परीक्षा में शामिल होने प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र वोटर आईडी, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या पासपोर्ट और काला या नीला बॉल पेन साथ लेकर निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो जाए।

# दिग्विजय स्टेडियम शहर की विशेष पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं अध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में स्टेडियम कॉन्फ्रेस हॉल में स्टेडियम समिति के सफल संचालन हेतु स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महापौर एवं उपाध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति मधुसूदन यादव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम शहर की विशेष पहचान है। इस दृष्टिकोण से स्टेडियम के रख-रखाव की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने बेहतरीन अधोसंरचना है। इसके संचालन, व्यवस्था एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के रखरखाव के लिए सभी आपस में समन्वय रखते कार्य करें। स्टेडियम समिति के 19 पुराना शॉपिंग काम्प्लेक्स एवं 30 नए शॉपिंग काम्प्लेक्स की दुकानों में जिन्होंने किराया अब तक नहीं दिया है, वहां किराये की वसूली करने कहा। किराया नहीं देने की स्थिति में संबंधित दुकान में तालाबंदी करने के निर्देश दिए।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि शासन से प्राप्त बजट का सही उपयोग होना चाहिए। जिले के दिग्विजय स्टेडियम तथा अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेल गतिविधियों को बढ़ाने के दृष्टिगत अच्छा कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दर्शकदीर्घा में भी समुचित व्यवस्था रहे। इस दौरान स्टेडियम में एसबीआई एवं एलआईसी भवन के बाद साई की तरफ का चैनल गेट बंद करने एवं हॉस्टल एवं किक्रेट के खिलाड़ियों को पूर्व की ओर से गेट क्र.-3 से हनुमान मंदिर द्वार से एवं जिम के बाजू वाले गेट से प्रवेश एवं निकासी के संबंध में चर्चा की गई। एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा ने शासन से प्राप्त बजट के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने स्टेडियम समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हॉकी एवं क्रिकेट फ्लड लाईट प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में सुरक्षा हेतु 2 गार्ड की आवश्यकता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि योगेश बागड़ी, प्रशिक्षु डीएफओ अभिषेक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### स्टेडियम के लिए मिला 6 करोड़ का बजट

कलेक्टर ने कहा कि स्टेडियम के लिए 6 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त हुआ है। जिसमें से 2 करोड़ रुपए की लागत से बिजली फिंटिंग एवं लाईट के लिए स्वीकृति मिली है। इन कार्यों को प्राथमिकता से करने कहा। उन्होंने स्टेडियम के मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ रूपए का प्रस्ताव बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने स्टेडियम की साफ-सफाई, पेयजल एवं रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने फ्लड लाईट की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बास्केटबाल के आऊट डोर में लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैंक एवं एलआईसी के अनुबंध से प्राप्त राशि का उपयोग स्टेडियम के मेन्टनेंस के लिए करने कहा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के रखरखाव के लिए प्राप्त राजस्व राशि का उपयोग स्टेडियम के रखरखाव तथा विभिन्न गतिविधियों के लिए करें।

### खेल गतिविधियों के संबंध में ली जानकारी

कलेक्टर भुरे ने साई हॉस्टल के संबंध में जानकारी ली तथा वहां साफ-सफाई तथा आवासीय व्यवस्था अच्छी तरह से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम बैडमिंटन हॉल के सिंथेटिक मैट का प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खेलो इंडिया एवं साई के प्रबंधकों से खेल गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नाली निर्माण के कार्य, लाईट की व्यवस्था एवं महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने कहा। इस अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम तथा अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के संचालन के संबंध में सुझाव एवं चर्चा की गई। इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर को राजनांदगांव स्टेडियम के गैलरी में शेड सोलर पैनल, मल्टी परपस इंडोर हॉल, डी-ब्लॉक में नाली एवं रिपेरिंग के प्रस्ताव अनुदान मांग के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

## जनसरोकार की पूर्ति में सुशासन तिहार बना मददगार

# कौड़ीकसा कलस्टर में 2795 आवेदनों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे जनसरोकार की पूर्ति की दिशा में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर के जरिए जनसामान्य हर समस्याएं का बेहतर समाधान किया जा रहा है। इसके चलते समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए कारगार साबित हो रहा है। ग्रामीणों के हर अरमानों को साकार किया जा रहा है। समस्याओं और मांगों का निदान होने ग्रामीणों में उत्साह का माहौल निर्मित हुआ है। इससे ग्रामीणों के जीवन में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जनसामान्य द्वारा अपने विभिन्न समस्याओं और मांगों के संबंध में दिए गए आवेदनों पर अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत कौड़ीकसा में गत दिवस शुक्रवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। यहां आयोजित समाधान शिविर में सभी पात्र 2795 आवेदकों को लाभान्वित किया गया।



### 27 हितग्राहियों को राशन कार्ड जारी

कौड़ीकसा में आयोजित समाधान शिविर में 2 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर आवास की चाबी प्रदाय किया गया। 15 हितग्राहियों के लिए पेंशन स्वीकृत किया गया है। 27 हितग्राहियों को राशन कार्ड 7 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 36 हितग्राहियों को राशन कार्ड, लखपति दीदी योजनांतर्गत 5 महिलाओं को ऋण स्वीकृत किया गया। 7 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, 3 हितग्राही को निक्षय पोषण कीट, 4 हितग्राहियों को आयुषमान कार्ड, 1 किसान के लिए नलकूप खनन स्वीकृति व 1 हितग्राही को मछली जाल प्रदाय किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमति सविता सोरी, जनपद अध्यक्ष पूनउराम फूलकवरे, जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, पवन तुलावी, मुकुंद जनवंधु, श्रीमती देवकी यादव, श्रीमती सुशीला गावरे, शत्रुघ्न चुरेंद्र, खेमलाल साहू, श्रीमती विमला बाई, श्रीमती श्रीमती सुरेखा मंडावी, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू कौड़ीकसा सरपंच श्रीमती लक्ष्मी कुल्हरे एवं क्षेत्र के सरपंचगण उपस्थित रहे।

# जिले में भव्य तिरंगा यात्रा और सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन

## स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की उमड़ी देशभक्ति की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आज देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इसके पश्चात, जिलेभर से निकली तिरंगा यात्राएं जनभागीदारी की एक शानदार मिसाल बनीं। जिले के ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों से प्रारंभ हुई ये यात्राएं पूरे उत्साह और देशप्रेम की भावना से भरी रहीं। हर हाथ में तिरंगा, हर मन में राष्ट्रभक्ति – इस अद्भुत दृश्य ने सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा राजा फतेह सिंह खेल मैदान, खैरागढ़ से प्रारंभ होकर सिविल अस्पताल, जय स्तंभ चौक होते हुए पुनः फतेह सिंह मैदान में समाप्त हुई। इस यात्रा में पूर्व विधायक कोमल जघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चंद्राकर, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, महिलाएं, स्कूली बच्चे, स्काउट गाइड छात्र-छात्राएं, स्वच्छता दीदियां और शहरवासी शामिल हुए।



### देशभक्ति का दिखा जज्बा

यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से वातावरण गूंज उठा। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे पूरे जोश के साथ इस आयोजन में सम्मिलित हुए और देशप्रेम का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा सिग्नेचर अभियान भी चलाया गया, जिसमें लोगों ने हस्ताक्षर कर तिरंगे के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान प्रकट किया। साथ ही तिरंगा सेल्फी कार्यक्रम में लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर देशभक्ति का संदेश फैलाया।

## सार समाचार

### शोक संतप्त परिवारों से की भेंट



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने आज भरेंगांव एवं जंगलेसर ग्रामों का दौरा कर शोक-संतप्त परिवारों से भेंट की। भरेंगांव निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर के भाई देवेंद्र चंद्राकर के आकस्मिक निधन पर विस अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने उनके भरेंगांव निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों से मिलकर संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

इसके पश्चात डॉ.रमन सिंह ने जंगलेसर स्थित कन्हारपुरी सोसायटी अध्यक्ष वीरेंद्र साहू के पिता स्वर्गीय हनुमान दाऊ के निवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व.हनुमान दाऊ का जीवन समाजसेवा एवं सरलता का प्रतीक था, जिनकी स्मृतियां सदैव प्रेरणास्पद रहेंगी। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पानी, बिजली व पार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं की मांग



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह से पानी, बिजली, मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम एवं पार्किंग आदि की स्थाई व्यवस्था करने की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने विधायक डॉ. सिंह से मांग करते कहा कि शहर की जनता को स्थाई सुविधाएं जो मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही है, क्योंकि यहां कुछ प्रशासनिक अधिकारी कुछ जनप्रतिनिधियों पर पूरी तरह हावी है? जिसके चलते आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को गंभीरता से नहीं लेते। इसके लिए आपको शहर में दौरा कर कड़े निर्णय लेने की जरूरत है। शहर की जनता को एक भी स्थाई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री ओस्तवाल ने कहा कि लगभग 400 करोड़ रुपए की मेडिकल कॉलेज अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुकी है, 210 करोड़ की अमृत मिशन योजना पूरी तरह से फेल, हाईटेक बस स्टैंड फेल, शहर में पार्किंग की स्थाई व्यवस्था फेल, विद्युत विभाग की बिजली बंद और मेन्टेनेंस के नाम पर खुलेआम भ्रष्टाचार, ट्रांसपोर्ट नगर फेल, सड़क डामरीकरण भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन निर्माण की भेंट चढ़ रही है।

### आईजी ने वनांचल थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मोहला।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के विभिन्न थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं जवानों से हालचाल भी पूछा। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य के 10 मई को आगमन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला में सलामी टुकड़ी द्वारा सलामी दी गई। उसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला के मीटिंग हाल में राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मानपुर प्रशांत सिंह पैकरा और उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) नेहा पावर उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य द्वारा थाना औंधी, मदनवाडा, सीतागांव, कोहका और कैंप नवागांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मानपुर प्रशांत सिंह पैकरा उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थानों व कैंप के अधिकारियों व जवानों का हालचाल पूछा गया और अपने-अपने क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर सतत निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### स्काउटर-गाइडर हिमालय वुड बैज कोर्स में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार यूनिट लीडर का सर्वोच्च प्रशिक्षण हिमालय वुड बैज कोर्स का आयोजन आधार शिला न्यू सैनिक स्कूल बिलासपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में राजनांदगांव जिले से शा.उ.मा. विद्यालय डोंगरगांव से टोमन पटेल, शा.उ.मा. विद्यालय नवागांव विचारपुर डोंगरगांव से नरेन्द्र धमगेश्वर, शा.उ.मा.विद्यालय महरूम से दाताराम निषाद, शा.उ. मा. विद्यालय तेलिनबाधा छुरिया से तुलसीराम साहू, शा.उ.मा विद्यालय बखरूटोला छुरिया से नीलकंठ धुर्वे, शा.उ.मा विद्यालय साल्हे छुरिया से डेहर साहू शामिल हुए। शिविर में प्रतिज्ञा नियम झण्डा गीत, राष्ट्रगान, ध्वजारोहण, प्रार्थना, शिविर ज्वाल गांठे, लेसिंग, यूनिफार्म, पयोनियरिंग, बैक वुड मैन कुकिंग, प्रवेश से राष्ट्रपति अवार्ड के पाठ्यक्रम की जानकारी स्काउटिंग का इतिहास, वुड बैज स्टोरी का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### समाधान शिविर में मोहित को मिला लर्निंग लाईसेंस

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम चारभांठा में आयोजित समाधान शिविर में परिवहन विभाग के स्टाल में तत्काल लर्निंग लाईसेंस मिलने पर ग्राम चारभांठा निवासी मोहित दास के चेहरे पर उत्साह दिखाई दी। उन्होंने बताया कि उनका लाईसेंस गुम गया था और वाहन चलाने नया लाईसेंस बहुत दिनों से वे नहीं बना पा रहे थे।

### 26 को वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या व 6 जून को भीमसेनी एकादशी

# सूर्य की और बढ़ेगी तपिश, ज्येष्ठ माह शुरू, वट सावित्री के साथ अन्य पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जेष्ठ माह शुरू होते ही सूर्यदेव की तपन तेज हो गई है। इस माह भीषण गर्मी का वातावरण रहेगा। अगले माह से आषाढ़ बारिश का महीना शुरू हो जाएगा। जिसके चलते किसान अभी से किसानी की प्रारंभिक कार्य में जुटने लगे हैं। खेतों की सफाई व मरम्मत कार्य इन दिनों शुरू कर दिया गया है।

पंचाग के अनुसार 13 मई से जेष्ठ माह प्रारंभ हो गया है। ऐसा माना जाता है कि जेष्ठ माह जिसे जेठ माह भी कहते हैं। इस माह में सर्वाधिक गर्मी का वातवरण रहता है। सामान्य दिनों की अपेक्षा धूप तेज और भभकती गर्मी का माहौल रहता है। नवतपा भी इसी माह धरती को तपन देता है।

#### 25 मई से 2 जून तक नौतपा

जेष्ठ माह में ही 25 मई से ही नौतपा लगेगा, जो 2 जून तक चलेगा। ऐसी मान्यताएं है कि नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी होती है, उतना ही बेहतर बारिश होने की संभावना रहती है। इधर जेष्ठ माह शुरू होते ही अंचल के कई किसान खेतों में प्रारंभिक किसानी कार्य के लिए पहुंचने लगे हैं। इन दिनों खेतों की साफ-सफाई सहित मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि कई अक्ती पर्व से ही परंपरानुसार कृषि का प्रारंभिक कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। आषाढ़ माह लगने से पूर्व ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारिश के मौसम हेतु पूर्व से ही व्यवस्थाओं में जुट गए हैं।



#### दोपहर को लू, देर रात तक गर्मी

ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही मौसम जरूर कुछ बदला है लेकिन दो दिनों के बाद गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू होने की संभावना है। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान भी होंगे। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। भीषण गर्मी से दोपहर को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। शाम होने के बाद ही चहल-पहल हो पा रही है।

#### व्रत-त्यौहारों का क्रम

इस माह सौभाग्यवती महिलाएं पति के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना लिए वट सावित्री पर्व मनाएगी। इस दिन कठिन निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष बरगद के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामनाएं करेंगी। अंचल में ऐसी मान्यताएं भी है कि जेठ माह में घर-परिवार में जेष्ठ पुत्र-पुत्री का मांगलिक आयोजन नहीं किया जाता। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले प्रमुख व्रत त्यौहारों में 16 मई को संकष्टी चतुर्थी, 23 को अपरा जलक्रीडा एकादशी, 26 को वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या, 27 मई को शनि जयंती, 4 जून महेश नवमी, 5 जून गंगा दशहरा, 6 जून भीमसेनी एकादशी, 7 जून निर्जला एकादशी, 8 जून प्रदोष व्रत, 11 जून स्नान दान पूर्णिमा पर्व है। इस माह हनुमानजी, सूर्य देव और वरूण देव, शनि देव की विशेष उपासना करना सबसे शुभ माना जाता है।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील छुरिया, राजनांदगांव, डोंगरगांव व डोंगरगढ़ के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में नाला में डूबने से एक भैंसा मृत होने पर 32 हजार रुपए, चूल्हा के अग्नि से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, अग्नि से एक मकान, कपड़ा एवं बर्तन आंशिक क्षति होने पर 6500 रुपए, अग्नि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए, अग्नि से 7 मकान, कपड़ा एवं बर्तन क्षति होने पर 8 लाख 57 हजार 500 रुपए, कुएं में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए व राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक पशुकोठा आंशिक क्षति होने पर 3 हजार रुपए, कुएं में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए और डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 10 मकान आंशिक क्षति होने पर 4 लाख रुपए, अतिवृष्टि से पशुकोटा आंशिक क्षति होने पर 3 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 3 मकान पूर्ण क्षति होने पर 3 लाख 60 हजार रुपए, अग्नि से मकान पूर्ण क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए तथा अतिवृष्टि से 40 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 60 हजार रुपए, कुएं में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, नाला में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को हुई है।

## एफसीआई के मजदूरों का तीसरे दिन धरना जारी



**राजनांदगांव।** भारतीय खाद्य भंडार निगम (एफसीआई) राजनांदगांव में विवाद का निराकरण नही होने के कारण तीसरे दिन मजदूरों का धरना जारी है। एफसीआई प्रबंधक व ठेकेदार अपने जिद पर अड़े है, क्योंकि 58 रेग्युलर मजदूरों की जगह मात्र 38 श्रमिकों को काम पर ले रहे है तथा 20 मजदूरों को काम पर नही ले रहे है क्योंकि 58 मजदूरों का काम 38 मजदूरों से दबाव बनाकर काम लेना चाह रहे है, ताकि बाकी मजदूरों के वेतन की राशि गबन की जा सके।

उसी तरह 12 गैंग के 158 मजदूरों को प्रतिकट्टा 6 रूपये 50 पैसे की दर से भुगतान किया जा रहा है, किन्तु 4 गैंग के 56 मजदूरों को प्रतिकट्टा 85 पैसा कम भुगतान किया जा रहा है जो एफसीआई के अधिकारी व ठेकेदार मिलकर गबन कर रहे हैं। क्योंकि ठेकेदार का टेण्डर एक रेट में हुआ है अलग रेट में नही हुआ है उसके अलावा ठेकेदार एफसीआई से हाईट का पैसा बिल के माध्यम से प्राप्त करता है किन्तु मजदूरो को कुछ नही मिलता मजदूरों से सुबह 9 से शाम 6 ड्यूटी के बाद रात 9, 10, 11 बजे तक काम कराया जा रहा है और उसका ओव्हर टाईम भुगतान नही किया जा रहा है, जो मजदूर दवाई छिडक़ाई का कार्य करते है उन्हें सुरक्षा के उपकरण नही दिया जा रहा है। बल्कि 10 मजदूरों का काम 6 मजदूरों से कराया जा रहा है इस तरह मजदूरों पर दबाव बनाकर ज्यादा काम लिया जा रहा है।

धरना सभा को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने कहा कि शासन सुशासन तिहार मनाकर समस्या का समाधान कर रही है। दूसरी तरफ मजदूरों का शोषण किया जा रहा है, जिला प्रशासन के माध्यम से इसका निराकरण किया जाए तथा श्रम प्रावधानों का पालन कराया जावे। धरना को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष एजी कुरैशी, लोकनाथ सोनकर, खेमचंद साहू, लीलाधर साहू, राम पासवान, परमानंद पटेल, नवीन यादव, निर्मला साहू, गणेशिया निषाद आदि ने सम्बोधित किया तथा सभा का संचालन तुसली देवदास व पूनाराम साहू ने किया। उक्त जानकारी मोर्चा के महामंत्री पूनाराम साहू ने दी।

## शादी में देर बना विवाद, बड़े भाई की पीट-पीटकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रेंगाकठेरा में एक युवक ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। हत्या की वजह से शादी में देर होना बताया गया है। जिससे आरोपी नाराज रहता था।

खुद की शादी नहीं होने की वजह वह अपने बड़े भाई को मानाता था। इसके चलते आए दिन घर में विवाद करता था।

वारदात शुक्रवार रात करीब 9 बजे की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राकेश मंडावी (34) ने खुद की शादी में देर होने की बात कहकर अपने बड़े भाई प्रदीप मंडावी (38) से विवाद करने लगा। रात में दोनों भाई के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद प्रदीप खाना खाकर घर से बाहर निकलने लगा। इसी दौरान आरोपी राकेश ने घर में रखे बांस की बल्ली से अपने भाई प्रदीप पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। प्रदीप खून से लथपथ होकर गिर गया और सिर फटने से बेसुध हो गया। परिजन उसे एंबुलेंस की मदद से खैरागढ़ हास्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

**सार्वजनिक सूचना**

हम अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित करते है कि हमारी राजनांदगांव मुख्य शाखा (कोड 00464) नए भवन में दिनांक 26.05.2025 को या उसके बाद स्थानांतरित हो रही है। अतः हमारे सम्मानीय ग्राहकों जिन्होंने लॉकर की सुविधा ली है, उनसे विनम्र अनुरोध है की यदि वे लॉकर से अपनी बहुमूल्य वस्तुओं को निकालना चाहते है तो कृपया शाखा स्थानांतरण के दिए गए दिनांक 26.05.2025 से पहले तक शाखा में आकर लॉकर खाली कर लेवे। स्थानांतरण के दौरान यदि लॉकर में रखी हुई बहुमूल्य वस्तुओं को कोई टूट फुट होती है तो बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**शाखा का नया पता :** भारतीय स्टेट बैंक, राजनांदगांव मुख्य शाखा (कोड 00464), ब्लाक नं ए (दक्षिण पार्ट), गेट नं 02, पोर्च नं 03, दिग्विजय स्टेडियम काम्प्लेक्स, राजनांदगांव (छ. ग.) 491441

हमारे संपर्क नंबर: 9425574360

दिनांक : 16.05.2025

शाखा प्रबंधक
राजनांदगांव

## कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओं रैली, भाजपा पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया । इस आयोजन में शामिल होते हुए कांग्रेस के वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर संविधान खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया है।

कांग्रेस द्वारा शहर के जय स्तंभ चौक में संविधान बचाओ रैली के अवसर पर सभा का आयोजन किया गया । इस सभा को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। हमारा संविधान जाति धर्म से हटकर धर्मनिरपेक्षता पर बाबासाहेब अंबेडकर ने बनाया है। इस संविधान में सभी का हित है। संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है, जिसे छीनने की कोशिश भाजपा द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम लगातार संविधान बचाव रैली निकाल रहे हैं।



#### विधानसभा स्तर पर आयोजित होगी रैली

कांग्रेस द्वारा आयोजित इस संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही है। शासकीय तंत्रों का दुरुपयोग कर रही है, विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। आज जिला मुख्यालय में आयोजन है, इसके बाद प्रत्येक विधानसभा स्तर पर रैली आयोजित होगी।

#### रैली में पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल

शहर के जय स्तंभ चौक से आयोजित हुई कांग्रेस की इस संविधान बचाओ रैली में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, सुदेश देशमुख, माया शर्मा, मेहुल मारू, आसिफ अली, रमेश खंडेलवाल, संतोष पिल्ले, अमित चंद्रवंशी, राजा तिवारी, अभिमन्यु मिश्र सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए ।

### स्काउट-गाइड रोवर रेंजर सम्मानित



**राजनांदगांव।** जिला मुख्यालय राजनांदगांव एवं विखं मुख्यालय डोंगरगांव, डोंगरगढ़ व छुरिया में प्याऊ घर सेवा कार्य के लिए पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट-गाइड रोवर रेंजर को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्य में 100 स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं 30 प्रभारियों का विशेष सहयोग रहा।







## ऑपरेशन सिंदूर: तिरंगा यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिले में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर ग्राम पंचायतों एवं ब्लॉक मुख्यालय के नागरिक उत्साहपूर्वक रैली में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रमुख गलियों, चौक, चौराहों से होते हुए आगे बढ़ी। रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए, देश प्रेम के नारों और देशभक्ति गीतों के साथ वातावरण को राष्ट्रीय एकता की भावना से भर दिया।



रैली के दौरान सभी ने अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से हिस्सा लिया।

लोगों के चेहरों पर देश के प्रति समर्पण और गर्व की झलक स्पष्ट रूप देखने को मिला। नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिए एकजुट है। सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में भारत माता की जय घोष, वंदे मातरम के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, जनपद पंचायत मोहला की अध्यक्ष गैंदकुवर ठाकुर, उपाध्यक्ष अग्नूराम कुमेटी, जनपद पंचायत मानपुर की अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पुनऊ राम फुलकुंवर, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद तिवारी, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवान, अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचों बड़ी संख्या सहित नागरिकगण शामिल हुए।

#### तिरंगा यात्रा में चेंबर ऑफ कॉमर्स की रही भूमिका



**राजनांदगांव।** भारतीय सेना के जांबाज वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से 22 अप्रैल की घटना का पाकिस्तान से बदला लिया। इस सफलता पर सेना के जवानों को सैल्यूट करने के लिए शनिवार को शहर में नगर निगम द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर निगम द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को कम समय में सूचना के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई, जिसके पीछे चेंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैंद ने बताया कि आज सुबह को ही चेंबर ऑफ कॉमर्स को तिरंगा यात्रा में उपस्थिति की जवाबदारी दी गई थी, जिस पर खरा उतरते हुए अधिक से अधिक संस्थाओं एवं समाज प्रमुखों तथा व्यापारीगण को इस महत्वपूर्ण यात्रा की जानकारी देकर उपस्थिति का आह्वान किया गया। जिसके फलस्वरुप बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की सफलता पर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सभी उपस्थित सुधिजनों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चेंबर ऑफ कॉमर्स के आलोक बिंदल, तरुण लहरवानी, विनोद डडढ़ा विजय हरियारनों, रूपचंद भीमनानी, सुनील बरडिया, योगेश बागड़ी, शिव अग्रवाल, भीमन धनवानी, राजू डागा, बलबीर बग्गा, राजेश अग्रवाल, रानू जैन सहित बड़ी संख्या में चेंबर के नेता उपस्थित थे।






**सौगात:** क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजना अंतर्गत विकास कार्यों से ग्रामवासियों को मिलेगी सुविधा

# विधायक ने 25 लाख के अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शनिवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम सेमरहा में आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजना के तहत 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन, सीसी रोड व मुक्तिधाम सह-शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने विगत वर्ष वनांचल क्षेत्र बाहपानी में हुए दुखद सड़क दुर्घटना में दिवंगत ग्राम सेमरहा निवासियों के वार्षिक श्राद्ध एवं स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुई और बच्चों से मुलाकात उनका हाल-चाल जाना साथ ही उनकी पढ़ाई व विभिन्न विषयों पर उनसे संवाद कर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को बेहतर सुविधा, साधन और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्यो और अधोसंरचना निर्माण कार्य आज दुगुनी रफ्तार से हो रहें हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार सुंदूर वनांचल क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम सेमरहा में 25 लाख रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा और लाभ मिलेगा साथ ही साथ वनांचल क्षेत्रों के विकास और जनजातिय समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार भाजपा सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है उसके सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिख रहें है। आज गांव-गांव में पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है, जल जीवन मिशन से शुद्ध पानी पहुंच रहा है, पर्याप्त बिजली की आपूर्ति से हर गांव रौशन हो रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, पक्के आवास मिल रहें हैं, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ जनता को मिल रहा है, ये सभी विष्णु के सुशासन एवं डबल इंजन सरकार में ही सार्थक हो रहें हैं।

### मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होः भावना



उन्होंने कहा कि अन्त्योदय के मूल-मंत्र और सबका साथ, विकास के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो, वहां की तस्वीर बदले, मूलभूत एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था हो जिससे लोगों का जीवनस्तर बेहतर हो। हमें विश्वास है कि इन विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी साथ ही विकास की मुख्यधारा से जुड़कर वह भी समृद्ध पंडरिया के हमारे संकल्प को पूरा करने में सहभागी बनेंगे। इस दौरान ग्राम सेमरहा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भी श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुईं और उन्होंने पूजा-अर्चना कर बाहपानी में हुए सड़क हादसे में ग्राम सेमरहा के दिवंगतजनों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और हादसे में अपने परिजनों को खोने वाले उन सभी 24 बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि विगत एक वर्षो में मेरा हमेशा प्रयास रहा कि उन सभी बच्चों के हर सुख-दुःख में सहभागी बनकर अपने प्रयासों से उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकूं। एक अभिभावक के रूप में उनकी शिक्षा, रोजगार और विवाह की जो जिम्मेदारी हमने ली है उसे पूरा करने के लिए हम पूर्णतः प्रतिबद्धत हैं। विदित हो कि इस दुखद हादसे में जिन बच्चों ने अपने परिजनों को खोया उन बच्चों के अभिभावक के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने उनके शिक्षा, रोजगार और विवाह तक की जिम्मेदारी निभा रहीं हैं।




# समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने सीखा योगा, सामान्य ज्ञान और चित्रकला के गुर

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कार प्रदान की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएम श्री सेजेस पंडरिया में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने ग्रीष्मकालीन अवकाश का रचनात्मक सदुपयोग करने के लिए 15 से 24 मई तक प्रातः 7.30 से 9.30 तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

वहीं पीएम श्री सेजेस पंडरिया में तीसरे दिन शनिवार को योगा, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और ड्राइंग एवं पेंटिंग कार्य सिखाया गया। भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन डायरेक्टर और राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलवीर गजानंद विश्वकर्मा द्वारा बच्चों को रंगों के संयोजन और चित्रकला की बारीकियां बताई गई। कला का उपयोग शिक्षा और समाज को संदेश देने का सशक्त माध्यम बताया गया।

वहीं प्राचार्य जीआर साहू ने बताया कि समर कैंप में प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग गतिविधियां निर्धारित की गई है, जैसे कि कला, संगीत, योगा एवं खेलकूद, स्पोकन इंग्लिश, कोडिंग, ए-आई, कैरियर गाइडेंस और लाईफ स्किल्स आदि साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षकों के अलावा विषय विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए जाते हैं और समग्र शिक्षा द्वारा इनके मानदेय की व्यवस्था की गई है। वहीं समर कैंप के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र छात्राओं को शील्ड और पुरस्कार दिया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा मण्डल कुण्डा महामंत्री मनहरण व कोषाध्यक्ष गणेश नियुक्त



**हरिभूमि कुण्डा।** गुरुवार को भाजपा मण्डल कुण्डा का कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष ने महामंत्री मनहरण साहू व कोषाध्यक्ष गणेश यादव को अहम जवाबदारी दिया गया। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी की अनुशंसा एवं सहमति से कुण्डा मण्डल टीम की घोषणा मण्डल अध्यक्ष द्वारा किया गया। जिसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, चार मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। वही टीम में पांच महिलाओं को भी जगह दी गई। भाजपा मण्डल कुण्डा की नए टीम में मनहरण साहू को महामंत्री एवं गणेश यादव को कोषाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। मनहरण साहू एवं गणेश यादव के नियुक्ति सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला मंत्री ओम यदु, जिला मंत्री सुरेश दुबे, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, मनोज ठाकुर, शशांक शर्मा, प्रताप सेन, सूरज यादव, नरेंद्र मल्लाह ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर किया पौधारोपण



- पौधरोपण कर ग्रामीणों को किया गया जन-जागरूक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पर्यावरण संरक्षण समिति मोहन राजपूत के माता-पिता श्रीमती उत्तरा राजकुमार सिंह ठाकुर ने शनिवार को अपने विवाह के 55 वें वर्षगांठ के अवसर पर मैनपुरा के तालाब में बेल का पौधरोपण किया। वहीं पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। उन्होने वैवाहिक वर्षगांठ पर सभी लोगों से विशेष अवसरों को यादगार बनाने तथा प्रकृति को सुदृढ बनाने के लिए पौधरोपण करने के लिए जन जागरूक किया गया। इस अवसर पर समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव व हमीद खान उपस्थित थे।

# कुण्डा में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



भारतीय जनता पार्टी ने 13 से 23 मई तक देश-भर में तिरंगा यात्रा अभियान चला रही है, 10 दिन चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मकसद हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को हर नागरिक तक पहुंचाना है। भाजपा इस कैंपेन के जरिए जनता को यह बता रही है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कैसे अपने नागरिकों को संकट से बाहर निकाला एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया, भारतीय सेना के सम्मान में ग्राम पंचायत कुण्डा में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में शनिवार को सरपंच व उपसरपंच तथा समस्त पंचगणों की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा की शुरुआत भारत माता चौक से की गई एवं मुख्य चौंक चौराहों से होते हुए नगर भ्रमण किया। इस दौरान सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा भारत के वीर सैनिकों द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के बाद पूरे देश का गौरव विश्व में बढ़ गया, आज पूरा देश सेना के पराक्रम को सलाम कर रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा भारतीय सेना के हौसले और शौर्य की गाथा को सलाम करने के लिए ग्राम पंचायत कुण्डा में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है, सेना का जोश-जज्बा व उच्च स्तर पर पहुंच चुका है, भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों को तबाह किया। उन्होने कहा सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान की नींद हराम करते हुए बड़ा नुकसान पहुंचाया है एवं पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लिया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि यदि पाकिस्तान गोली चलाएगा तो भारत उसका जवाब गोले से देगा भारत अब पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेगा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।

इस तिरंगा यात्रा में मुख्यरूप से सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ध्वजाराम चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, पंचगण वागीश चंद्राकर, लवलेश चंद्राकर, गणेश सोलंकी, कृष्णा बंजारे, चैतन्य सोनी, पन्ना साहू, भागवत साहू, राजू साहू, आनंद परवाना, रमेश साहू, मनीष सोनवानी, लवकुश साहू, रमेश सारथी, नीलू खान, सचिव रमेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# भाजपा कुण्डा मंडल के उपाध्यक्ष बने दिनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी की अनुशंसा व सहमति से कुण्डा मंडल टीम की घोषणा की गई। जिसमें कुण्डा मंडल उपाध्यक्ष हरे-कृष्णा शुक्ला, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष ध्रुव व कृष्णा चंद्राकर एवं महामंत्री महिला श्रीमती सुमन गुप्ता, मनहरण साहू, मंत्री श्रीमती समुद्र कुर्रे, श्रीमती सरिता वैष्णव, श्रीमती भानुमति साहू, श्रीमती संगीता रजक, कोषाध्यक्ष गणेश यादव एवं कार्यकारी सदस्य के रूप में मुकेश यदु, संतोष चंद्रवंशी, जेठू निर्मलकर, मोहन चंद्रवंशी, श्रवण साहू, गीताराम साहू, सुमन ढीमर, सुरेश साहू को नियुक्ति की गई। जिस पर भाजपा कुण्डा मंडल के सदस्यों में भारी खुशी व उत्साह का माहौल है वहीं बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्रामीणों ने दिखाई देशभक्ति की मिशाल




**हरिभूमि कवर्धा।** देश की रक्षा में समर्पित भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, वीरता और बलिदान को नमन करते हुए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायतों में एक अभूतपूर्व दृश्य सामने आया, जब ऑपरेशन सिंदूर के लिए हजारों लोगों ने तिरंगा हाथ में थामे देशभक्ति की मिशाल पेश की। यह नजारा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति ग्रामीणों की अटूट निष्ठा, एकजुटता और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बन गया। जिले के हर गांव, हर गली में आज तिरंगे की शान लहराई। गांवों में सुबह से ही देशभक्ति का माहौल था। युवाओं के जोश, बुजुर्गों के अनुभव, महिलाओं की सहभागिता और बच्चों के उल्लास ने इस यात्रा को एक जन आंदोलन का रूप दे दिया। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की धुन पर कदमताल करते हुए ग्रामीणों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी हाथों में तिरंगा ध्वज और नागरिक, हम सेना के साथ हैं, ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र के लिए समर्पित जैसे संदेश लिखी तख्तियां लेकर चले। यात्रा पूर्णतः शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं संगठित रही, जिसमें देश के प्रति समर्पण और एकजुटता की भावना स्पष्ट झलक रही थी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद देना है, हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता का जश्न मनाना तथा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस पहल ने गांवों में राष्ट्रप्रेम की नई लहर पैदा की है। ग्राम पंचायतों ने तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांवों के सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवाओं और स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा केजी 1 से कक्षा 9वीं तक के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम विगत दिनों 15 मई को घोषित किया गया साथ ही साथ स्कूली छात्र छात्राओं को अंकसूची वितरित की गई। वहीं संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिस पर शाला के प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं संस्था के प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव एवं-शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्कूली छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# हरीतिमा स्थापना दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हरीतिमा स्थापना दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सुधा वाटिका, काली मंदिर के पास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी नपा अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि पवन जायसवाल व रायपुर से पधारे पर्यावरण प्रेमी विद्याभुषण दुबे, मोहन वाल्यानी, बेमेतरा से कृष्णा साहू, पंडरिया से रवींद्र श्रीवास्तव एवं अजय ठाकुर पार्षद उपस्थित थें। यह कार्यक्रम सुबह के सत्र में आयोजित किया गया, जिसमें सुबह से ही प्रतिभागियो की भीड़ देखने को मिली। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हरियाली और जीवन पर आधारित विषय पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण के खतरो के प्रति जागरूक किया गया। वही बच्चों ने अपनी कल्पनाओ को रंगो के माध्यम से वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावो को चित्रित किया। प्रतियोगिता पश्चात निर्णायकगण आदित्य श्रीवास्तव, रश्मि सलूजा, चित्रा श्रीश्रीमाल, दिनेश ठाकुर ने सभी प्रतिभागियो के चित्र को बारीकी के साथ अवलोकन कर पुरस्कार के लिए चयनित किए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती वंदना से हुआ जिसमें लीजा जाखड ने अपने सुरली आवाज से सबको मंत्रमुग्ध किया। तत्पश्चात स्वागत भाषण अजय लुनिया ने हरीतिमा के कार्ययोजना को सविस्तार बताया। साथ ही सभी बच्चों को पर्यावरण से जुड़ने एवं उनकी रक्षा करने की अपील की गई। मुख्य आतिथ्य की आसंदी से बोलते हुए चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा हरीतिमा का कार्य सराहनीय है रोजाना सुबह-सुबह अपने घरो से निकलकर प्रकृति पर्यावरण की सेवा करता है तो वह हरीतिमा के सदस्यगण है, हम सबको प्रकृति की सेवा में अपना समय देना चाहिए। साथ ही कवर्धा शहर को स्वच्छ बनाने उपस्थित जनो से सहयोग की अपील की। पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हर नागरिको की होनी चाहिए, क्योकि इसी पर हमारा जीवन संभव है, पर्यावरण के सुरक्षित रहने से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। प्रतिभागी बच्चों की तरफ से आस्था सिंह ठाकुर ने पर्यावरण के महत्व एवं हरियाली और जीवन का क्या संबध है उस पर प्रकाश डाला। वहीं प्रथम व द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से प्रतिभागियो को पुरस्कृत किया गया जिसमें बच्चों को स्कूली बैग, पानी बाटल, रंगो का कीट, सर्टिफिकेट, गमला में प्लांट देकर बच्चो को पुरस्कृत किया गया।

### स्पर्धा में आसपास जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# जिले में तीन दिवसीय बेसबॉल प्रीमियर लींग प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा कवर्धा बेसबॉल प्रीमियर लींग प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 मई तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता अयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया, इस प्रतियोगिता मेशार्क, बुल्स, पैंथर्स और ईगल्स बेसबॉल ये चार टीमों के बीच मैच कुल 10 मैच खेला जाएगा, जिसमें लींग का पहला मैच शार्क व ईगल्स के बीच मैच खेला गया, जिसमें शार्क टीम पिचर प्रवीण साहू के शानदार पिचिंग से शार्क टीम ने ईगल्स को 05-00 हराया।

वही लींग का दूसरा मैच पैंथर्स व बुल्स के माध्य खेला गया जो बहुत ही टक्कर का मुकाबला रहा तीन इनिंग के मैच में दो इनिंग तक दोनों टीमों को स्कोर शून्य रहा, वही तीसरे इनिंग में भी पैंथर्स टीम के पिचर हिमेश दास ने अपने शानदार पिचिंग से बुल्स टीम को शून्य में आउट किया और पैंथर्स टीम के डीकेश्वर और हिमेश ने अंतिम इनिंग में शानदार हिटिंग करके टीम को 01-00 से विजेता रहें। साथ ही तीसरा मैच ईगल्स व पैंथर्स के विरुद्ध खेला गया, जिसमें पैंथर्स टीम ने ईगल्स को 05-04 से हराया। अंतिम मैच बुल्स विरुद्ध शार्क के बीच खेला गया, जिसमें बुल्स की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से शार्क को 03-02 हराया। शानिवार को पांचवां मैच पैंथर्स विरुद्ध शार्क के बीच खेला वही शार्क कि टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से पैंथर्स को 06-01 से हराकर पहले क्वालीफायर में प्रवेश किया। लींग का अंतिम मैच ईगल्स विरुद्ध बुल्स के बीच खेला गया जिसमें बुल्स की टीम ने 10-04 से ईगल्स की टीम को हराकर क्वालीफायर मैच में जगह बनाया। वहीं क्वालीफायर मैच शार्क विरुद्ध बुल्स के बीच खेला जाएगा वही एलिमिनेटर मैच पैंथर्स विरुद्ध ईगल्स के बीच खेला जाएगा।

अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी के बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों के साथ-साथ रायपुर से बीरू बाघ, गौरव डहरिया, दीपक, ओम, बीरेंद्र, दुर्ग से पी आशीष, संतोष यादव, सुशांत व बेमेतरा से किशन माण्डले, प्रिंस सिंह, कोमल, चोवा, विकास व मुंगेली जिले से उमाशंकर साहू, मोहगांव से संजय मीरे और बीरेंद्र टंडन कुल 16 खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे है, जिसमें सात खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके है जो अब इस प्रतियोगिता में अपना अनुभव साझा कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### हमालों ने की लंबित मजदूरी भुगतान की मांग

**कवर्धा।** विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चिल्फीघाटी में वर्ष 2024-25 में धान खरीदी हुई थी, जिसमें किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना उपज बेचा था। समिति में किसानों द्वारा बेंचे गए धान को हमालों द्वारा तोलाई, सिंलाई और ढुलाई व छल्ली जैसे कार्य किए थे, जिसका करीब दो लाख रूपए से अधिक का भुगतान अभी तक नहीं किया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस लंबित भुगतान को लेकर समिति प्रबंधक को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन फिर भी 209487 रुपए में मात्र 35000 हजार रुपए का ही भुगतान किया गया है, शेष भुगतान लंबित है। हमालों ने बताया कि इस मामले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के सीईओ कीर्तन देवांगन से जानकारी लेने पर उनका कहना था कि हमालों का भुगतान समिति प्रबंधक द्वारा किया जाता है। हमाली की राशि समिति प्रबंधक को कर दिया गया है।

### निर्यात जागरूकता व मार्गदर्शन कार्यक्रम कल

**कवर्धा।** आईआईएफटी कोलकाता द्वारा कबीरधाम जिले में सोमवार 19 मई को एक दिवसीय निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन पर बूस्ट-रप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5.45 बजे तक हॉटल रायल सेलिब्रेशन कवर्धा में होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्प, वस्त्र, अन्य विनिर्माण, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों में रुचि रखने वाले तकनीकी साक्षर संभावित उद्यमियों को निर्यात के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। आईआईएफटी कोलकाता के विशेषज्ञों की टीम निर्यात से जुड़ी समस्याओं और विभिन्न मुद्दों का समाधान पीपीटी प्रेजेंटेशन से करेगी।

### पीएम आशा योजना में किसान पंजीयन 22 तक

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। अब जिले के कृषक 22 मई 2025 तक अपनी फसलों का पंजीयन करवा सकते हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक अमित कुमार मोहंती ने यह जानकारी दी।

### जुआ खेलते सात जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कवर्धा।** दशरंगपुर द्वारा 17 मई को बड़ी कार्यवाही करते हुए 07 जुआड़ियों को रंगे हाथ धर दबोचा गया। मुखबिर से सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी दशरंगपुर उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव टीम के साथ रवाना हुए और दशरंगपुर खार में दबिश दी गई। पुलिस को देखकर कुछ जुआड़ी भाग निकले, किन्तु 07 जुआड़ी मौके से पकड़े गए। मौके से कुल आरएस 15,755 नकद, 52 पत्ती ताश, 01 प्लास्टिक फट्टी, 07 मोबाइल, 09 बाइक और 01 स्विफ्ट कार नीले रंग की जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना पिपरिया में धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में ओमकार रात्रे, दीपक निषाद, जलेश्वर चन्द्राकर, मुरली देवांगन, वीरेन्द्र केशरवानी, शैलेन्द्र केशरी तथा अमित केशरी शामिल है।

**हादसा:** दुर्घटना में ट्रक और ट्रक में भरी नीलगिरी की छाल जलकर खाक

# सड़क में फर्राटे भरता ट्रक बना आग का गोला, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कुई/कुकदुर

जिले की सड़क में फर्राटे भर रहे एक ट्रक में फिर से आग लगने की खबर सामने आई है। इस बार यह घटना जिले के कूकदूर थाना क्षेत्रांतर्गत मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे ग्राम पोलमी के पास की बताई जा रही है। जहां बीती रात लकड़ी की छाल से भरी एक चलती ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख चालक और परिचालक ने ट्रक से कूद कर अपनी जान तो बचा ली लेकिन लकड़ी की छाल से भरा ट्रक जलकर खाक हो गया। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर ट्रक में आग कैसे लगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात एक ट्रक मध्यप्रदेश के अमलाई से नीलगिरी पेड़ का छाल लेकर राजनांदगांव जा रहा था, इसी दौरान बजाक घाट से उतरते ही पोलमी चेकपोस्ट के पास ट्रक से अचानक आग की लपटें निकलने लगी। जिसकी भनक लगते ही ट्रक चालक और परिचालक ने जैसे तैसे आग के गोले में तब्दील हो चुके चलते ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। लेकिन ट्रक से चालक के कूद जाने के बाद भी जलता ट्रक सड़क पर फर्राटे भरता रहा। बताया जाता है कि इसी दौरान ट्रक के टायर फट गए और ट्रक खड़ा हो गया। ट्रक में लकड़ी की सूखी छाल भरी होने की वजह से आग इतनी तेजी से फैली की चालक को ट्रक रोकने का भी समय नहीं मिला और कुछ ही देर में ट्रक को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसे ट्रक और ट्रक में भरी नीलगिरी की छाल जलकर खाक हो गई। इस अग्री दुर्घटना में लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।





### बाल बाल बचे चालक परिचालक

बताया जाता है कि जब तक ट्रक चालक को ट्रक में आग लगने की भनक लगती आग ने ट्रक के पिछले हिस्से को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया था और तेजी आग आगे बढ़ रही थी। ऐसी विषम स्थिति में आग के गोले में तब्दील हो चुके ट्रक को रोकना और उससे सुरक्षित बाहर निकलने का भी वक्त चालक और परिचालक के पास नहीं था। लेकिन ऐसी स्थिति में भी चालक ने सूझबूझ का परिचय दिया और खुद को संभालते हुए चलते और जलते ट्रक से कूदकर अपनी तथा परिचालक की जान बचाई। हालांकि चलते ट्रक से कूदने के कारण दोनों को हल्की चोट आई है, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद दोनों स्वस्थ्य हैं।

### जिले की सड़कों में फर्राटे भरते कई ट्रकों में लग चुकी है आग

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले की सड़क में फर्राटे भर रहे ट्रक में आग लगने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी कुकदुर-पंडरिया मार्ग सहित चिल्फी-कवर्धा मार्ग तथा कवर्धा-दशरंगपुर मार्ग में कई बार चलते ट्रक में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी है। हालांकि इनमें कोई जन हानि नहीं हुई है। जो चिंता का विषय है। खासकर ग्रीष्म ऋतु के दौरान इस तरह से चलते वाहनो में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है।

# खैरबना कला से 70 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 70 पौवा देशी प्लेन मदिरा जप्त की है।

आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 18 मई को प्रधान आरक्षक जय हिंद चौबे को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खैरबना कला में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से देशी शराब विक्रय की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी राजू साहू पिता भादू साहू आयु 33 वर्ष, निवासी खैरबना कला को मौके से पकड़ा गया।

पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के पास से 70 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 12.600 लीटर एवं 360 रूपए नगद जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास जप्त शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इस संपूर्ण कार्रवाई में प्रधान आरक्षक चंद्रकुमार साहू, आरक्षक धन्नू दिवाकर, आरक्षक धर्मेंद्र मरावी, आरक्षक संतोष बांधेकर की विशेष व सक्रिय भूमिका रही।

# कोसमंदा में शूटर बुलवाकर दर्जनभर बंदरों को उतारा मौत के घाट

## शिकायत के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं







- वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए जा रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अभी तक जिले के वनांचलों से ही वन्यप्राणियों के शिकार की खबरें सामने आती रही हैं लेकिन वन विभाग की अनदेखी और ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते अब जिले के मैदानी ईलाकों में भी खुलेआम वन्यप्राणियों का शिकार किया जा रहा है। वन्यप्राणी के शिकार का एक ऐसा ही मामला जिले के वन परिक्षेत्र स. लोहारा अंतर्गत ग्राम कोसमंदा से सामने आया है। जहां संभवतः बीते 13 मई को एक अज्ञात व्यक्ति ने एक दो नहीं बल्कि करीब दर्जनभर वन्यप्राणी बंदरों का शिकार किया है। इतना ही नहीं इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने के बाद मृत बंदरों के शवों को यहां वहां फेंक दिया गया जिन्हें कुत्तों द्वारा नौचते देखा गया। बताया जाता है कि इस बात की जानकारी सामने आने के बाद गौ सेवक, जीव सेवक संघ के हरीश चौहान तथा चतुर सिंह सहित अन्य लोगों ने मामले की लिखित शिकायत वन परिक्षेत्राधिकारी स. लोहारा से की है। जिस पर कार्यवाही करते हुए वन विभाग की जांच टीम ने मौका मुआयाना कर कुछ मृत बंदरों के शव तो जप्त किए हैं लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि घटना के करीब 4 दिन बाद भी इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। शिकायतकर्ताओं द्वारा वन विभाग को सौंपे गए शिकायती पत्र के मुताबिक इस मामले में ग्राम पंचायत कोसमंदा के सरपंच की भी मिलीभगत है आरोप है कि उसी के द्वारा बाहर से शूटर बुलवाकर बंदरों को मरवाया गया है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक अज्ञात शूटर ने बेजुबान वन्यजीव बंदरों की गोली मारकर निर्मम हत्या की है और शवों को यहां वहां फेंक दिया जिन्हें कुत्ते नौचते रहे। शिकायत के बाद वन विभाग ने कुछ बंदरों के शव बरामद किए है लेकिन जहां तक आरोपियों की गिरफ्तारी की बात की जाए तो भगवान जाने क्यों वन विभाग इससे गुरेज कर रहा है। जिसे लेकर लोगों ने सांठगांठ की आशंका जताई है। क्योंकि अभी तक वन विभाग ने आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया है। अमुमन देखा जाता है कि वन विभाग अपनी छोटी-छोटी कार्यवाही की भी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सार्वजनिक करते रहता है लेकिन इस मामले में वन विभाग मौन नजर आ रहा है। इस पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मांग की है कि आरोपी कोई भी हो मामले की निष्पक्ष जांच कर उनकी गिरफ्तारी की जाए और कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# शिखर युवा मंच के सहयोग से वनांचल ग्रामों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

स्वच्छता की दिशा में जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू कबीरधाम की टीम द्वारा 16 एवं 17 मई को विशेष स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम लरबक्की, बदनापानी एवं पचराही में किया गया।

इस अभियान में ग्राम लरबक्की और बदनापानी से कुल 118 तथा ग्राम पचराही से 324 ग्रामीणों (महिलाओं एवं पुरुषों) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, पंचगण, ग्राम पटेल, मितानिन कार्यकर्ता, गांव के वरिष्ठजन एवं जनपद सदस्यगण की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने स्वच्छता के महत्व को समझते हुए पूरे कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत गांवों के सार्वजनिक स्थल, नलकूप, शौचालय, बाजार परिसर, एवं तालाबों की सामूहिक सफाई की गई।



ग्राम प्रमुखों को स्वच्छता सामग्री झाड़ू, दस्ताने, कचरा डिब्बे आदि एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा वितरित की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत साफ-सफाई, और बीमारियों की रोकथाम से संबंधित जानकारियां दी गईं। टीम द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए जनसंवाद, बैनर, और दृश्य-श्रव्य माध्यमों का उपयोग किया गया।

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं सामुदायिक भागीदारी से स्थायी सफाई व्यवस्था को बढ़ावा देना है। माना जा रहा है कि इस अभियान ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति सचेत किया है एवं उनके बीच जनसहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया है। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर इस कार्यक्रम को सफल एवं प्रेरणादायी बनाया है। अभियान के समापन अवसर पर एसबीआई संजीवनी टीम, कबीरधाम ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और आगे भी इस प्रकार की गतिविधियां निरंतर जारी रखने की बात कही।

## सांसद ने निर्माणाधीन पुल व पोंड़ी बायपास सड़क निर्माण का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने पोंड़ी-मुंगेली राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत पांडातराई के पास फोंक नदी में निर्माणाधीन पुल व पोंड़ी बायपास सड़क निर्माण का निरीक्षण किया।

सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयास से केंद्र सरकार ने पोंड़ी से मुंगेली तक टू लेन सड़क व चार बायपास सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। इसके तहत निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अंतर्गत पोंड़ी, पंडरिया, मुंगेली व तखतपुर में बायपास सड़क का निर्माण हो रहा है। वहीं पांडातराई व पंडरिया के पास नदी में बड़े पुल का निर्माण किया जा रहा है।

उक्त निर्माण कार्य पूरा हो जाने से आवागमन बेहतर हो जाएगा। राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सांसद पाण्डेय ने उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

## तिरंगा यात्रा...




**कवर्धा।** नगर पंचायत पाण्डातराई में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**हमारा लक्ष्य युवाओं को बेहतर शिक्षा, सुविधा और उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है: भावना**

# नीट की कोचिंग प्रारंभ, लगभग 60 से अधिक बच्चों ने लिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं उनके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। भावना बोहरा द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर में आईआईटी, जेई, नीट और सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। इसी कड़ी में आज नीट परीक्षा की तयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग शुरू हो गई है जिसमें लगभग 60 से अधिक बच्चों ने प्रवेश लिया है। इस प्रकार विधानसभा के लगभग 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को यहां सर्वसुविधाओं के साथ निःशुल्क कोचिंग का लाभ उनके घर व गांव के आस-पास ही मिल रहा है जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक रूप से भी लाभ हो रहा है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी प्रवेशी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन युवाओं के ऊपर ही हमारे देश व प्रदेश के उज्वल भविष्य की नींव टिकी हुई है इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हम सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। लक्ष्य निः शुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा संसाधनों की कमी होने की वजह से वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं उन्हें प्रोत्साहित करना है और उन्हें भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। संसाधनों की कमी की वजह से कोई भी बच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं और आगे भी हमारा प्रयास जारी रहेगा। हमें खुशी है कि आज लगभग 200 से अधिक बच्चों को हमारे इस प्रयास से लाभ मिल रहा है, इससे कहीं न कहीं उनके परिजनों को भी आर्थिक व मानसिक संबल मिल रहा है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंडरिया विधानसभा का कोई भी युवा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्हें बेहतर शिक्षा और सुविधा मिल सके तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु साधन व संसाधन की कमी उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में कोई अवरोध न बन सके इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं।



# बोड़ला हाकी खिलाड़ी गीता यादव अब जाएंगी अर्जेंटीना चिली और उरुग्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जय हिन्द हॉकी क्लब बोड़ला की गीता यादव का चयन 25 मई से 2 जून तक रोसारियो अर्जेंटीना में आयोजित होने वाले फोर नेशन टूर्नामेंट के लिए हुआ है। जिसमे भारत के साथ-साथ अर्जेंटीना चिली और उरुग्वे की टीम भाग लेगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन साल के अंत में होने वाले जूनियर वीमेन वर्ल्डकप के तैयारी के लिए किया गया है। गौरतलब है कि गीता यादव का यह दूसरा विदेश दौरा है। इससे पहले गीता नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित दौरे में भी भारतीय टीम का हिस्सा थी। 40 सदस्यीय भारतीय कोर टीम में से 24 खिलाड़ियों का चयन अर्जेंटीना टूर के लिए किया गया है। अर्जेंटीना टूर के तुरंत बाद वहीं से भारतीय टीम बेल्जियम और जर्मनी के दौरे पर जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि जनवरी में आयोजित हिंदू संगम बोड़ला में गीता यादव और ममतेश्वरी एवं जय हिन्द हॉकी क्लब के कोच हिमांशु चंद्रवंशी का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस उपलब्धि के लिए भी किया गया था।

